## सार-समाचार

### गुप्ता का स्वागत, ट्रेनों के ठहराव की मांग

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति जबलपुर के सदस्य धीरज गुप्ता का दिल्ली से लौटने पर हिण्डौन सिटी रेलवे स्टेशन पर अभिनंदन किया गया। ज्ञातव्य हो मिशन रेल ठहराव समिति के संयोजक लायन ओपी मंगल अपनी टीम के वरिष्ठ साथी त्रिवेन्द्र लाटा, सुनील सिंघल रीयल टैक ,मनीष सिंघल सहित टीम सदस्यों के साथ जोनल सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह के निजी सहायक धीरज गुप्ता के माध्यम से लम्बे समय से विभिन्न ट्रेन ठहराव एवं अन्य सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सक्रिय हैं ,इसी कडी के सुखद कार्यान्वयन के तहत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर हिंडौन सिटी के लिए महत्वपूर्ण रेल सुविधाओं की मांग रखी जिसको सिफारिश के साथ अग्रिम कार्यवाही को भेज दिया गया । टीम मिशन रेल ठहराव के सदस्यों ने दिल्ली से कोटा जाते समय धीरज गुप्ता का शानदार स्वागत कर आभार जताया गया।धीरज गुप्ता ने झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह के नेतृत्व में रेल भवन, दिल्ली में रेल मंत्री से भेंट की। मुलाकात के दौरान सांसद ने भी हिंडौन सिटी की जनता की जायज मांगों का पुरजोर समर्थन किया। गुप्ता ने मंत्री को सौंपे ज्ञापन में लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव और बुनियादी ढांचे के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। ज्ञापन में यात्रियों की सुविधा के लिएडॉ. अंबेडकर नगर-नई दिल्ली, अजीमाबाद एक्सप्रेस व अनन्या एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन-मुंबई गरीब रथ, इंदौर-नई दिल्ली इंटरसिटी ट्रेनों के ठहराव का ज्ञापन सौंपा। ट्रेनों के साथ-साथ गुप्ता ने हिंडौन सिटी स्टेशन पर तीसरे प्लेटफॉर्म के निर्माण और लंबे समय से बंद पड़े कंटेनर डिपो को फिर से चालू करने का आठाह किया। रेल मंत्री ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए इन पर सकारात्मक रुख दिखाया और अधिकारियों को परीक्षण के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# नवीन और अत्याधुनिक गोदाम का भूमि पूजन व शिलान्यास

■ बेढ़म ने कहा कि डीग में बनने वाला क्रय-विक्रय सहकारी समिति के 500 मीट्रिक टन क्षमता वाला यह आधुनिक गोदाम क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। राज्य सरकार की सहकार से समृद्धि की दूरगामी दृष्टि को साकार करने तथा अन्नदाताओं को उनकी उपज का सुरक्षित भंडारण एवं उचित मूल्य सुनिश्चित कराने की प्रतिबद्धता को लेकर बुधवार को डीग में क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के बहताना रोड स्थित 500 मेट्रिक टन भंडारण क्षमता वाले नवीन एवं अत्याधुनिक गोदाम का भूमि पूजन और शिलान्यास गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं विधायक डीग-कुम्हेर डॉ. शैलेष सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण विधि-विधान के साथ किया गया।

यह नवीन आधारभूत संरचना क्षेत्र के कृषि और सहकारिता परिदृश्य में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी, जो किसानों की अन्न भंडारण क्षमता में वृद्धि कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा प्रदान करेगी। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहरस सिंह बेढ़म ने इस परियोजना को क्षेत्र के किसानों के आर्थिक उत्थान का आधार बताया। बेढ़म ने कहा कि डीग में बनने वाला क्रय-विक्रय सहकारी समिति के 500 मीट्रिक टन क्षमता वाला यह आधुनिक गोदाम क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे उनकी उपज का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होगा एवं उन्हें उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के संरक्षण एवं कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सहकारिता के माध्यम से ही ग्रामीण अंचलों का वास्तविक विकास संभव है और वर्तमान सरकार इस दिशा में जमीनी स्तर पर नवाचार करते हुए संसाधनों का निरंतर विस्तार कर रही है। इस अवसर पर डीग कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने क्षेत्र के समग्र विकास की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ सिंह ने कहा कि डीग क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और यह नवीन परियोजना स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने इस बात को प्रमुखता से रेखांकित किया कि इस गोदाम के निर्माण से न केवल सहकारी व्यवस्था को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उनका दृढ़ विश्वास है कि यह निर्माण कार्य पूरा होने के बाद डीग क्षेत्र में सहकारी सेवाओं का एक आधुनिक केंद्र स्थापित होगा, जो किसानों और आम जनता की बहुआयामी जरूरतों को अत्यंत बेहतर ढंग से पूरा करेगा। राज्य सरकार के इस किसान-हितैषी कदम को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और कृषकों में खासा उत्साह देखने को मिला। समारोह में उपस्थित लोगो ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक कदम बताते हुए राज्य सरकार एवं अपने जनप्रतिनिधियों का आभार आभार । कार्यक्रम में डीग क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष योगेश, जिले के सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राम अवतार सिंह एवं समिति के प्रबंधक शचीन्द्र चतुर्वेदी ,लखपत गुर्जर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, खेमचंद कोली,सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### पेंशनर्स ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भुसावर**, (निसं)। भरतपुर जिले के भुसावर कस्बे में बुधवार को राजस्थान पेंशनर्स समाज की उप शाखा भुसावर ने अखिल भारतीय राजस्थान पेंशनर महासंघ दिल्ली के आ ान पर काला दिवस मनाते हुए केंद्र सरकार द्वारा पारित पेंशन सम्बन्धी वित्त विधेयक के विरोध में हाथों की बांहों पर काली पट्टी बांध कर अपनी मांगों को लेकर रैली निकालते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में पहुंच कर सैकड़ों पेंशनरों ने ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स समाज उप शाखा भुसावर के अध्यक्ष महेश चन्द जती ने बताया कि पेंशनर्स समाज उप शाखा भुसावर ने आज कथित पेंशन विरोधी कानूनों और 8वें वेतन आयोग के नियमों में के विरोध में काला दिवस मनाते हुए सैकड़ों पेंशनर्स पूरनमल शर्मा, अशोक शर्मा, अशोक गुप्ता, प्रकाश जैमन, रामस्वरूप सैनी, कमलाकान्त शर्मा, धीरेन्द्र पाण्डेय, राजेश्वर सिंह, राजेश अठावाल, राम खिलाड़ी, रवीन्द्र पाण्डेय, धर्मसिंह,अम्रत मित्तल,जगराम,रमन लाल सैनी, मुरारीलाल, सुमेर सिंह,थानसिंह,किशन शर्मा, महेश शर्मा आदि सहित विभिन्न पेंशनरों ने हाथ पर काली पट्टी बांध कर रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार लाया गया कानून को पेंशन नियमों में भेदभावपूर्ण श्रेणी में विभाजन करता है, जो पेंशनरों के हितों के खिलाफ है।का आरोप लगाते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में पहुंच कर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी के निजी सचिव सहायक नितीन कुमार पाण्डेय को वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पेंशनर्स के विरुद्ध जारी वैधता अधिनियम 2025 को वापिस लेने के सम्बन्ध में भारत सरकार के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### ट्रेन की चेपट से युवक की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मंगलवार रात एक ट्रेन हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ी उदेई निवासी अकील पुत्र शकील के रूप में हुई है। यह घटना रेलवे अंडरपास के पास मालगोदाम के नजदीक रात करीब 8 बजे हुई। परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकील (26) अपनी ससुराल लोको क्षेत्र में आया हुआ था। इसी दौरान वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया, जहां तेज रफ्तार राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। जीआरपी पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हादसा राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से हुआ है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान राजकीय जिला अस्पताल में काफी देर तक हंगामा भी हुआ, जहां परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। जीआरपी थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा शिकायत दी गई है और पुलिस ने परिवाद दर्ज कर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के पिता शकील अहमद ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बड़ी उदेई के सरपंच पति मुक्तदिर अहमद व पूर्व सरपंच मईन अहमद सहित सैकड़ों की तादात में लोग अस्पताल पहुंचे और लोगो को समझाइश की।

### मनीष का राष्ट्रीय पर चयन

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयुवर्ग सॉफ्टबॉल (छात्र-छात्रा) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य स्तरीय खिलाड़ी दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में सूरौठ क्षेत्र के बंजारों का पूरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र मनीष का चयन रराजस्थान टीम में होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।जानकारी के अनुसार राज्य टीम आगामी 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक दिल्ली के थ्यागराज स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इससे पूर्व खिलाड़ियों का चयन परीक्षण 28 व 29 मार्च को तथा प्रशिक्षण शिविर 30 मार्च से 13 अप्रैल तक राजसमंद जिले के सोनियाणा (कुम्भलगढ़) स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 14 अप्रैल को शिविर स्थल से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मनीष के चयन पर विद्यालय परिवार व क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने ने खुशी जताई।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर:-DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/157 चूंकि प्रार्थी श्री KRISHNA CHANDPAL, BHANWAR VILAS PALACE KARAULI ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास महाराजा गणेशपाल चैरिटेबल ट्रस्ट, BHANWAR VILAS PALACE KARAULI के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही हैं, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि कोई उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति में निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइंदा तारीख पेशी 27/05/2026

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर

Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
कमांक:-देवराबाआवि / लेखा / 2025-26 / दिनांक:-
NIT – 09&10/2025-26 ( NIB :-SOC2526A0448 and SOC2526A0449 )

Bids for school furniture and electronic kitchen items are invited from interested bidders upto date 01-04-2026 Time 02:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website.

UBN No. :- SOC2526GSOB00479 and SOC2526GSOB00480

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur

### निजी स्कूलों का रहा दबदबा

**सूरौठ**, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में कस्बे के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया विशेष रूप से सूरौठ के छात्र आदित्य शर्मा ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विहालय में शीर्ष स्थान हासिल किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सूरौठ स्थित विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र आदित्य शर्मा, पुत्र वेदप्रकाश शर्मा, की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में जश्न जैसा वातावरण बन गया।

### आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उदेईमोड थाना पुलिस ने सालोदा मोड़ पर हुई फायरिंग की घटना के वांछित आरोपी अनुज मीना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त कर ली है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना 20 मार्च को हुई थी। सालोदा निवासी रोहित सिंह मावई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रात करीब 8 बजे कैलादेवी मंदिर से भोजन प्रसादी लेकर घर लौट रहा था। उसके घर के सामने एक काले रंग की स्कॉर्पियो आकर रुकी, जिसमें से अनुज मीना और उसके साथियों ने उस पर जान से मारने की नीयत से पिस्टल से दो फायर किए। रोहित सिंह मावई ने बताया कि एक गोली उसके कान के पास से गुजर गई।

# गैस सिलेंडरों के स्टॉक व वितरण व्यवस्था जांची

■ एसडीएम ने कालाबाजारी रोकने और पारदर्शिता के निर्देश दिए

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शहर सहित चूली और वजीरपुर क्षेत्र में बुधवार को उपखंड अधिकारी बृजेन्द्र मीणा और प्रवर्तन अधिकारी समीक्षा दिनकर ने विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। इस दौरान गैस सिलेंडरों के स्टॉक और वितरण व्यवस्था की गहन जांच की गई। अधिकांश एजेंसियों पर वितरण व्यवस्था सामान्य पाई गई और कहीं भी भीड़ या लंबी कतारें देखने को नहीं मिलीं।

एसडीएम बृजेन्द्र मीणा ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को केवल बुकिंग के आधार पर ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कालाबाजारी पर पूर्ण रोक लगाने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत अधिकारियों को सूचित करने को कहा। एसडीएम ने आमजन से अपील की कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वर्तमान में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपनी जरूरत के अनुसार ही बुकिंग करने का आग्रह किया। निरीक्षण के दौरान चूली इंडियन ग्रामीण वितरक पर एजेंसी खुली मिली, जहां स्टॉक सीमित पाया गया। संचालक ने बताया कि गैस आपूर्ति के लिए ऑर्डर दिए जा चुके हैं और जल्द ही आपूर्ति होने की संभावना है। वहीं, जेके एंटरप्राइजेज इंडेन पर 360 सिलेंडरों से भरी एक गाड़ी मौके पर खड़ी मिली, जबकि सुबह एक और खेप पहले ही पहुंच चुकी थी। यहां वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी।

नील भारत उदय मोड़ गैस एजेंसी पर भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध मिला। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

# बाल चेतना शिविर का आयोजन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सपेरा बस्ती में बाल चेतना शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बालक बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से मजबूत बनाना रहा। समाजसेविका अंजना रावत ने बताया कि बच्चों में शारीरिक, मानसिक आध्यात्मिक विकास के लिए परिवार वह धुरी है जिसमें बच्चे परिवार में रहकर छोटे बड़ों का सम्मान करना सिखाते हैं ,अनुशासन सीखते हैं एवं संस्कार और रीति रिवाज के बारे सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बालक एवं बालिका ही राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक होते हैं। इन दिनों चल रहे नवरात्र में मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी के चरित्र के बारे में एवं मां भगवती के रूपों के बारे में वं उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी दी गई।


श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट, कैलादेवी जिला – करौली (राज0)



(चैत्र नवरात्रा पर्व दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 01.04.2026 तक आयोजित हो रहा हैं। परम आदरणीय पूर्व महाराजा साहब सोल ट्रस्टी माननीय श्री कृष्ण चन्द्र पाल जी के मार्गदर्शन में इस बार दर्शनार्थियों को मंदिर ट्रस्ट द्वारा निम्न सुविधाऐं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।)



1. **दर्शन व्यवस्था** :– हमेशा की तरह इस बार भी मन्दिर ट्रस्ट, श्री कैलादेवी जी के दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों को माताजी के दर्शन सुगमता से करवाने हेतु व्यवस्थित रेलिंग जिसमें दर्शनार्थियों के लिए पानी, प्रकाश एवं हवा की व्यवस्था उपलब्ध हैं। रेलिंग के माध्यम से दर्शनार्थी सुगमता से माताजी के दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं।
2. **दिव्यांगजनों को दर्शन करवाने हेतु विशेष व्यवस्था** :– श्री कैलादेवी के दर्शनार्थ आने वाले दिव्यांगजन एवं निःशक्तजनों को दर्शन करवाने हेतु मन्दिर में रैम्प बनाया हुआ है एवं मन्दिर में व्हीलचेयर उपलब्ध हैं। जिनका उपयोग कर दर्शनार्थी सुगमता से माताजी के दर्शन कर रहे हैं।
3. **पेयजल व्यवस्था** :– मन्दिर परिसर द्वारा दर्शनार्थियों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मन्दिर परिसर में 25 जल मन्दिर संचालित किये जा रहे हैं। चिल्लर एवं आर. ओ. प्लान्ट के माध्यम से भी शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा हैं।
4. **स्काउट्स एवं रोवर्स की सेवायें** :– इस बार स्काउट्स एवं रोवर्स स्वैच्छिक रूप से दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध करवाने में मन्दिर ट्रस्ट का सहयोग कर रहे हैं।
5. **सफाई व्यवस्था** :– मन्दिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में मन्दिर ट्रस्ट को आवंटित जोन के साथ साथ कालीसिल नदी के घाटों आदि स्थान पर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा 200 अतिरिक्त सफाई कर्मियों की मदद से निरन्तर सफाई कार्य करवाया जा रहा हैं। जिससे मन्दि परिसर पूर्णतया साफ एवं स्वच्छ हैं।
6. **शौचालय व्यवस्था** :– दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मन्दिर ट्रस्ट द्वारा बस स्टैण्ड पर 160 शौचालय, भट्टा तिराहा से गौशाला मार्ग पर 70 शौचालय, मंदिर परिसर में 80 शौचालय एवं डोमशेड में 20 यूरिनल एवं 50 चल शौचालय संचालित किये जा रहे है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कुल 508 महिला एवं पुरूष शौचालय, यूरिनल, स्नानघर आदि सुविधाऐं उपलब्ध हैं।
7. **घाटों पर व्यवस्था** :– दर्शनार्थियों को पवित्र कालीसिल नदी में स्नान करने हेतु महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग घाट बनाये गये हैं। जिनमें पाईपलाईन लगाकर नल की टोटियॉ लगाई गई हैं। जिनसे दर्शनार्थी सुरक्षित रूप से स्नान कर रहे हैं। दर्शनार्थी की सुरक्षा के लिए नदी में जाल लगाये गये है एवं आपात स्थिति में दर्शनार्थियों की मदद के लिए 12 गोताखोर एवं 02 नाव सदैव घाटों पर तैनात रहते हैं। स्नान के पश्चात दर्शनार्थियों को कपड़े बदलने के लिए अलग अलग चेन्ज रूम बनाये गये हैं।
8. **छायायुक्त डोमशेड** :–दर्शनार्थियों को माताजी के दर्शनार्थ आने के लिए मुख्य मार्ग एवं हनुमान मन्दिर से आने वाले रास्ते पर उन्नत किस्म के डोम शेड बनाये गये हैं। जिनमें हवा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था हैं साथ कंसल यात्री निवास के सामने स्थित रास्ते पर भी टेन्साईल कपड़े का डोम शेड बनाया गया हैं।
9. **विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था** :– मन्दिर परिसर में विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत विभाग से 45 स्थाई एवं 05 अस्थाई कनेक्शन लेकर तथा सौर ऊर्जा व जनरेटर द्वारा निरन्तर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे मन्दिर परिसर में हमेशा पर्याप्त प्रकाश रहता है। पर्याप्त मात्रा में पंखे व कूलरों की व्यवस्था की गई हैं।
10. **चिकित्सा व्यवस्था** :– मन्दिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों के लिए 24 घण्टे मन्दिर परिसर एवं ट्रस्ट चिकित्सालय के साथ साथ गदका की चौकी पर भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
11. **एम्बुलेंस व्यवस्था** :– श्री कैलादेवी जी के दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मन्दिर ट्रस्ट द्वारा 02 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई हैं जो 24 घंटे दर्शनार्थियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तत्पर हैं।
12. **सुरक्षा एवं सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था** :– मन्दिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 350 सुरक्षाकर्मी, अस्थाई गार्ड्स सदैव तैनात हैं तथा मंदिर एवं मंदिर परिसर के साथ साथ प्रमुख स्थानों पर असामाजिक तत्वों की निगरानी हेतु 320 सी.सी. टी.वी. कैमरे लगाये गये हैं।
13. **अग्निशमन** :– मेला क्षेत्र में आग बुझाने के लिए फायर हाईड्रेन्ट एवं अग्निशमन यन्त्रों की व्यवस्था की गई हैं। सम्पूर्ण मेला अवधि में 2 अग्शिमन गाडियॉ मॉ कैलादेवी आश्रम में 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं।
14. **सूचना बोर्ड, नक्शा एवं संकेत चिन्ह** :– यात्रियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन हेतु जगह-जगह पर सूचना बोर्ड, संकेत चिन्ह, कैलादेवी स्थित सुविधाओं व मार्गो का नक्शा, आवश्यक टेलीफोन नम्बरों की सूची के बोर्ड लगाये गये है।
15. **नियन्त्रण कक्ष स्थापना** :– मेले के दौरान यात्रियों को पूछताछ हेतु मन्दिर परिसर में एवं बड़ी धर्मशाला में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किये गये है। नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाईन नं. 7976249100 एवं 07464253213 है।
16. **मन्दिर पाण्डालों में केवड़ा एवं गंगाजल की फोगिंग व्यवस्था** :– मन्दिर परिसर स्थित पाण्डालों में केवडा, गंगाजल एवं चरणामृत के फोगिंग की विशेष व्यवस्था मन्दिर ट्रस्ट द्वारा की गई हैं। जिससे दर्शनार्थियों को शीतलता मिलने के साथ साथ उनका मन शुद्ध एवं प्रफुल्ल हो जाता हैं।
17. **निशुल्क भंण्डारा राजौर एवं कल्याणी तथा कंसल धर्मशाला** :– मन्दिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में स्थित कंसल धर्मशाला में दर्शनार्थियों को निःशुल्क भण्डारे जिसमें नाश्ता एवं दोनों समय के भोजन की व्यवस्था मन्दिर ट्रस्ट द्वारा की जा रही हैं। हमेशा की तरह इस बार भी मन्दिर ट्रस्ट द्वारा दिनांक 12.03.2026 से माताजी के दर्शनार्थ आने वाले पैदल दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क शुद्ध एवं ताजे नाश्ते व खाने की अति उत्तम व्यवस्था राजौर एवं कल्याणी स्थित भण्डारों पर की गई थी। दोनों भण्डारा स्थलों पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा, पैर दबाने की मशीन, जल सेवा, विश्राम सेवा चल शौचालय की भी व्यवस्था मन्दिर ट्रस्ट द्वारा की गई थी।
18. **प्रसाद काउन्टर** :– मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियंत्रित 60 प्रसाद काउन्टर भक्तजनों की सुविधा एवं शास्त्र सम्मत गुणवत्तायुक्त प्रसाद सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने हेतु संचालित किये जा रहे है।
19. **मन्दिर के अन्दर फोटोग्राफी एवं मन्दिर परिसर में गन्दगी फैलाना पूर्णतया वर्जित हैं** :– माताजी के मन्दिर में जगह-जगह पर थूकना, गन्दगी फैलाना, धूम्रपान करना, कोई भी नशा करना, एवं मन्दिर के अन्दर फोटोग्राफी करना पूर्णतया वर्जित है।
20. **पर्यावरण संरक्षण का भागीरथी प्रयास** :– पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा अपनी धर्मशाला रतनदेवी एवं महिला घाट पर वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट स्थापित कर अशुद्ध पानी का शुद्धिकरण कर कालीसिल नदी में डाला जा रहा है।
21. **नारियल प्रसाद** :– नारियल प्रसाद मन्दिर के अन्दर ले जाना पूर्णतः वर्जित हैं। दर्शनार्थी अपने साथ लाये मनौती के नारियलों को मन्दिर के बाहर दोनों ओर निर्धारित स्थानों पर ही चढ़ावें। साथ ही दर्शनार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखे की माताजी को थोथे या टूटेफूटे नारियल किसी भी सूरत में नही चढ़ावे। थोथे नारियल माताजी को अर्पण करना दोषपूर्ण हैं।
22. **यात्रियों को ठहरने हेतु आवास व्यवस्था** :– मंदिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों को मन्दिर परिसर स्थित कंसल धर्मशाला एवं बड़ी धर्मशाला में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त उचित दर पर कैलादेवी आश्रम, अमर कुंज यात्री निवास, रामभवन धर्मशाला, आगरा पड़ाव धर्मशाला मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित है।
23. **जूता स्टैण्ड** :– दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मन्दिर ट्रस्ट द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार स्थित डोमशेड की लेन नं0 01 में 02 दुकानें एवं लेन नं0 02 में 04 दुकानों में जूते रखने की व्यवस्था की गई हैं।

**नवाचार:–**

1. चैत्र नवरात्रा मेलें में पॉलीथीन के प्रयोग को पूर्णतया वर्जित करने का ध्येय रखा गया हैं। दर्शनार्थी भक्तजनों से निवेदन है कि प्रसाद सामग्री या अन्य सामग्री पॉलीथीन में लेकर मन्दिर में प्रवेश नही करें एवं इस राष्ट्रीय मिशन में मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन का पॉलीथीन रोकने में सहयोग करें।
2. श्रद्धालुओं की संख्या की जानकारी के लिए हैड काउन्टिंग मशीन मन्दिर के प्रवेश द्वार पर लगायी गई हैं।
3. मन्दिर परिसर में स्थित विश्राम स्थली में माताओं द्वारा दुग्धपान के लिए स्तनपान केन्द्र बनाया गया हैं। मातृशक्ति इस व्यवस्था का उपयोग दर्शन करने जाने से पूर्व अथवा दर्शन उपरान्त कर सकती हैं।
4. नवनिर्मित परिक्रमा मार्ग में टाईल्स पर हीटप्रूफ पेन्ट किया गया हैं। जिससे नंगे पैर चलने वाले भक्तों को ताप से बचाया जा सकें।
5. यात्रियों को विश्राम के लिए मन्दिर परिसर में स्थित दुकानों में उचित व्यवस्था की गई हैं।

श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट






अपनी शिकायत सचेत पोर्टल पर दर्ज करें

- यह पोर्टल, वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज करने से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- सचेत पोर्टल में दर्ज की गई शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों को भेजा जाता है।
- उपयोगकर्ता पोर्टल पर अपनी शिकायतों को ट्रैक कर सकते हैं।

अपनी शिकायतें
https://sachet.rbi.org.in पर दर्ज करें




अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/sachet पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in